# बिहार सरकार
# जल संसाधन विभाग
# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# तिरहुत नहर प्रमंडल, हाजीपुर
## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 05 / 2023–24

पत्रांक 238 / हाजीपुर — दिनांक 08-02-2024

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, हाजीपुर।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :–दिनांक 08.02.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक 20.02.2024 से 22.02.2024 के (03:00 बजे अपराह्ण) तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 23.02.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 23.02.2024 को 3.30 बजे अपराह्न में।
6. प्राईस बीड खोलने की तिथि :– सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी।
7. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :–

   (क) मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी।

   (ख) अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मुजफ्फरपुर।

   (ग) कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, हाजीपुर।

8. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क्रमांक – 7 में उल्लेखित स्थानों पर।
9. कार्य की विवरणी :–

| ग्रुप स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) जो लौटायी नहीं जायेगी। | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | मल्लिकपुर शाखा नहर के वि0 दू0 56.24 पर क्रॉस ड्रेनेज संरचना का पुनर्स्थापन कार्य। | 1484320=00 | 29700=00 | 2500=00 | 31 मई 2024 |

10. निविदा से संबंधी विस्तृत शर्त, नियम, अर्हता, अग्रधन का स्वरूप, निविदा की प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी के लिए परिमाण विपत्र ब्रिक्री स्थल से सम्पर्क किया जा सकता है। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अनुमोदित परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

Mozaffar Imam 8/02/24

कार्यपालक अभियंता
तिरहुत नहर प्रमंडल, हाजीपुर

08.02.24

# नियम एवं शर्ते

1. पथ निर्माण विभाग के संकल्प–सह–ज्ञापांक 5676 (S) दिनांक 24.06.2015 के आलोक में स्थानीय स्तर पर वृहत प्रचार–प्रसार कर गैर e-procurement पद्धति से निविदा प्राप्त की जायेगी। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क किया जा सकता है।
2. अग्रधन की राशि डाकघर बचत खाता पासबुक 1/2/3 वर्षीय डाकघर में सावधि जमा, राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र का आठवॉ निर्गम, किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का निर्गत फिक्स डिपोजिट जो कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, हाजीपुर के पदनाम से विधिवत प्रतिज्ञित हो, स्वीकार किए जायेंगे।
3. कार्य की प्राक्कलित राशि एवं मात्रा में घटोत्तरी या बढ़ोतरी हो सकती है। अग्रधन की राशि प्राक्कलित राशि का 2 प्रतिशत जो 100/– रू0 के गुणक में होगा, जमा करना होगा।
4. निविदा प्रपत्र वर्णित मूल्य के बैंक ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, हाजीपुर जो हाजीपुर में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करने पर प्राप्त होगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
5. निविदा दो मुहरबंद लिफाफे में क्रमांक 01 एवं 02 जिसमें क्रमशः तकनीकी बीड (Technical bid) तथा वित्तीय बीड (Financial bid) रहेगा को समर्पित करना होगा। निविदा खोलने की तिथि को क्रमांक 06 में उल्लेखित सभी कार्यालयों में मात्र तकनीकी बीड वाले लिफाफे को ही खोला जायेगा। तकनीकी बीड में सफल होने पर ही सक्षम पदाधिकारी द्वारा निविदाकारों को सूचित कर वित्तीय बीड निर्धारित तिथि को खोला जायेगा। जो निविदाकार तकनीकी बीड में असफल होगे उनका वित्तीय बीड जस का तस उन्हें लौटा दिया जायेगा।
6. पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार के अधिसूचना संख्या 13589(एस0), पटना, दिनांक 13.12.2011 के कंडिका (4) के उप कंडिका (च) में निहित प्रावधान के अनुसार रू0 25,00,000.00 (रू0 पच्चीस लाख) तक के कार्यो के निविदा में श्रेणी–4 में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे। संबंधित जिला के कार्य के लिये जिले के संवेदक ही भाग ले सकते है।
7. निविदादाता के तकनीकी बीड के साथ निम्नलिखित स्वअभिप्रमाणित दस्तावेज देना अनिवार्य है –

   (क) निविदादाता का समुचित श्रेणी (श्रेणी –iv) में निबंधित होने का प्रमाण पत्र।
   (ख) निर्गत परिमाण विपत्र में अंकित अग्रधन की राशि बिहार सरकार वित्त विभाग द्वारा अनुमान्य स्वरूप में।
   (ग) जी0 एस0 टी0 प्रमाण–पत्र की प्रति।
   (घ) आयकर प्रमाण–पत्र की प्रति।
   (ड़) साझेदारी फर्म / कम्पनी के मामले में डीड एवं आर्टिकल्स ऑफ एसोसियेशन की प्रति।
   (च) आचरण प्रमाण–पत्र की प्रति।
   (छ) निम्न आशय का शपथ पत्र निविदा के साथ समर्पित करना होगा जो इस प्रकार है –

   **" I, the undersigned, do hereby certify that all the statements made in the required attachments are true and correct, and if found fake/forged, the undersigned will be liable for criminal prosecution and lodge an FIR for lawful punishment and also black listing may be recommended".**
8. संवेदक को लिफाफे के उपर अपना दूरभाष संख्या तथा मोबाईल नम्बर यथासंभव अंकित करना चाहिए ताकि निविदा से संबधित किसी भी प्रकार की सूचना उन्हें ससमय दी जा सकें।
9. वित्तीय बीड में संवेदक द्वारा दर अंकित किया जाएगा जो दशमलव के दो अंक तक मान्य होगा।
10. विभागीय निर्माण सामग्री उपलब्ध रहने पर संवेदक को निर्गत किया जा सकता है जिसके विरूद्ध निर्धारित दर पर विपत्र से कटौती कर ली जायेगी।
11. बिना कारण बताये एक या सभी निविदा को रदद् करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।

12. संवेदक को सभी कार्य विस्तृत परिमाण विपत्र में वर्णित शर्तो एवं स्वीकृत कार्य के अनुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कार्य करना अनिवार्य है तथा जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा निविदा से सबंधित सभी अद्यतन अनुदेश एवं शर्त्ते निविदा के लिए मान्य होगी।

13. सशर्त्त निविदा मान्य नहीं होगा। निविदा दाता द्वारा अंकित दर प्रतिशत में दशमलव के बाद दो अंको तक मान्य होगा।

14. सफल निविदादाता को एकरारनामा प्रपत्र एफ0 –2 (क्लॉज 23 विलोपित) पर करना होगा।

15. संदेहास्पद कार्य करने वाले एवं जिसके विरूद्व कालीकृत करने की कार्रवाई चल रही है ऐसे संवेदको की निविदा मान्य नहीं होगी।

16. Seigniorage fee की कटौती विभागीय ज्ञापांक –599 दिनांक 06.12.2019 मे निहित प्रावधान के आलोक में की जायेगी।

17. C.W.J.C No. -9941/2022 में माननीय उच्च न्यायालय, पटना का पारित न्यायादेश दिनांक 06.07.2023 एवं विभागीय आदेश संख्या –1/पी0एम0सी0/न्यायालय/01/2022–536 दिनांक 18.07.2023 एवं पथ निर्माण विभाग के पत्रांक –4439 दिनांक 17.07.2023 के आदेश अनुपालन में 10 (दस) प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाले निविदाएँ भी मान्य होगी।

18. पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार के अधिसूचना संख्या –449(S) दिनांक 16.01.2020 द्वारा प्रतिशत दर निविदा (Percentage rate tender) पद्धति में प्राप्त की जाने वाली सभी प्रकार की निविदत दर की न्यूनतम अधिसीमा को तत्काल समाप्त करते हुए परिमाण विपत्र की दर से कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए (Additional Performance Guarantee) का प्रावधान किया गया है।

19. निविदा दर में Serious unbalanced rate होने की स्थिति में Additional Performance Guarantee पथ निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक –447(S) दिनांक 16.01.2020 पत्रांक –448(S) दिनांक 16.01.2020, पत्रांक –449(S) दिनांक 16.01.2020 के अनुसार जमा करना होगा।

20. 01% (एक प्रतिशत) सेस की राशि संवेदक के विपत्र से काटकर बिहार भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्यान बोर्ड के मद में जमा किया जायेगा।

21. निविदा निवदादाताओं एवं उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि के उपस्थिति में खोला जायेगा।

22. विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी से मिले या सूचना पट्ट पर देखें।

23. तकनीकी बीड में कोई सफल निविदादाताओं का समान न्यूनतम निविदित दर की स्थिति में सफल निविदादाता का चयन बिहार लोक निमार्ण विभाग संहिता के अनुरूप लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।

24. निविदा दस्तावेज क्रय करने के पूर्व निविदादाता कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें अन्यथा बाद में उनका किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

25. **घोषणा का शपथ–पत्र (मूल में)**

(क) मुझे / हमें किसी सरकारी / अर्द्धसरकारी प्रतिष्ठान द्वारा वंचित (Debar), काली सूची में दर्ज (Blacklisted) एवं विगत एक वित्तीय वर्ष के अन्दर एकरारनामा रद्द (Rescind) नहीं किया गया है।

(ख) मेरा कार्य निष्पादन का रिकॉर्ड खराब नहीं है अर्थात, आवंटित कार्य को अधूरा नहीं छोड़ा है।

(ग) मेरा/हमारा कोई निकटतम संबंधी (अभिप्रेत है पति/पत्नी, माता/पिता, भाई/बहन तथा इस तरह के ससुराल पक्ष के संबंधी) संबंधित कार्य प्रमंडल में कनीय अभियंता/सहायक अभियंता/कार्यपालक अभियंता/प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी/लेखापाल के रुप में कार्यरत नहीं है।

(घ) मेरे / हमारे विरुद्ध किसी प्रकार का आपराधिक मामला किसी भी न्यायालय में विचाराधीन नहीं है।

8/02/24

कार्यपालक अभियंता
तिरहुत नहर प्रमंडल, हाजीपुर

08/02/24

पत्रांक ....238..... / हाजीपुर दिनांक ...08.02.2024...

प्रतिलिपि :– सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, पटना बिहार को सूचना की प्रति हार्ड एवं सॉफ्ट प्रति सहित दो दैनिक समाचार पत्रो में प्रकाशन हेतु समर्पित।

8/02/24

कार्यपालक अभियंता

08/02/24 तिरहुत नहर प्रमंडल, हाजीपुर